हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 मार्च, 2025

11 हिन्दी व संस्कृत विभाग की स्पर्धा में एमए द्वितीय...



12 रैली निकाल रक्तदान के लिए किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### एलईडी चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** बादली की पुलिस ने वेयरहाउस से एलईडी चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दीपक निवासी खरखड़ा धारूहेड़ा पाहसौर इंडोस्पेस में मैनेजर का कार्य करता है। उसके अनुसार 22 जनवरी को उनकी एलईडी चोरी हो गई थी। थाना बादली में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। एसएचओ राकेश कुमार ने बताया कि वारदात के सिलसिले में कमलकांत निवासी माजरी और हरीश निवासी जहांगीरपुर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना शहर पुलिस ने एमआईई चौकी एरिया से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुभाष निवासी दरभंगा फिलहाल दिल्ली में रहता है और बहादुरगढ़ के एमआईई पार्ट ए में नौकरी करता है। कंपनी के बाहर से 20 मार्च को उसकी बाअक चोरी हो गई थी। चौकी प्रभारी एसआई राजकुमार ने बताया कि महिला थाना के के निकट ड्रेन रोड पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को शक की बिनाह पर रुकवाकर पूछताछ की गई तो बाइक चोरी की मिली। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अजीत निवासी छोटूराम नगर ने अपने साथी संग मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बहादुरगढ़: 205 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने एक प्रवासी युवक को नशीले पदार्थ गांजे के साथ पकड़ा है। थाना सेक्टर-6 पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सैनिक नगर में रेड की तो कच्चे ग्राऊंड के पास एक युवक खड़ा मिला। संदेह के आधार पर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में रोशन हाल निवासी सैनिक नगर की तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कब्जे से एक पॉलिथिन में 205 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।



### एमआईई से बाइक चोरी पुलिस ने केस दर्ज किया

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक संपदा में फैक्ट्री के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। दिल्ली निवासी मनोज पांचाल एमआईई की एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। उसने अपनी मोटरसाइकिल कंपनी के बाहर खड़ी की थी। लेकिन छुट्टी के समय बाइक वहां नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है।

# पीएनडीटी टीम ने किया ऑनलाइन एमटीपी किट बेचने के रैकेट का भंडाफोड़

## सख्त कार्रवाई: आर्डर के 14 दिन बाद कोरियर से सीएमओ कार्यालय स्थित पॉलीक्लीनिक पहुंची किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑनलाइन एमटीपी किट बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने बताया कि बहुत दिनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि इस प्रकार की वेबसाइट ऑर्डर के जरिये एमटीपी किट बेचती हैं जो गैरकानूनी है। यह भ्रूण हत्या को बढ़ावा देती है जोकि अत्यंत गंभीर अपराध है। सरकार की ऐसे संगीन अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति हैं।

गर्भ में लिंग जांच को रोकने के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ही स्वास्थ्य विभाग ने ऑनलाइन एमटीपी किट बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। एमटीपी किट की ऑनलाइन बिक्री की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने फर्जी ग्राहक बनकर आर्डर किया।



झज्जर। सीएमओ कार्यालय में आवश्यक कागजी कार्रवाई करते हुए पीएनडीटी टीम सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### पुलिस ने एक वेबसाइट व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया

हैरानी की बात यह है कि ऑनलाइन आर्डर करने पर एमटीपी किट की सप्लाई सेक्टर 6 स्थित सीएमओ कार्यालय के पॉलीक्लीनिक में ही कर दी गई। पीएनडीटी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर संदीप कुमार की शिकायत पर पुलिस ने एक वेबसाइट व अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। ऑर्डर के 14 दिन बाद कोरियर से एमटीपी कीट पॉलीक्लीनिक पहुंची। डॉक्टर संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एमटीपी किट की खुली बिक्री प्रतिबंधित है। चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में जरूरी होने पर ही इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। गर्भपात में इस्तेमाल की जाने वाली एमटीपी किट की ऑनलाइन बिक्री मिली सूचना पर जब उन्होंने ड्रग कंट्रोल ऑफिसर प्रतिभा से संपर्क करने पर उन्होंने कानूनी कार्यवाही में आवश्यक सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद फर्जी ग्राहक बन एमटीपी किट के लिए ऑनलाइन आर्डर किया गया। इसके लिए 10 मार्च को 700 रुपये 72 पैसे का ऑनलाइन भुगतान भी किया। बीती 24 मार्च को कोरियर से पार्सल पॉलीक्लीनिक पहुंचा, जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई। पार्सल खुलने पर उसमें से एमटीपी किट निकली। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर संबंधित वेबसाइट व अन्य के खिलाफ मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रर्गेनेसी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पोर्टल पर बहादुरगढ़ के 1461 किसानों ने 5405 एकड़ सरसों का करवाया रजिस्ट्रेशन

# सरसों की खरीद शुरू, तीन किसानों ने कटवाया टोकन, बारदाना पहुंचा

- राजस्व विभाग की तरफ से फसलों की वेरिफिकेशन पेंडिंग होने से किसानों को उठानी पड़ेगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगलवार से बहादुरगढ़ में सरसों की फसल की खरीद शुरू हो गई है। खरीद के पहले दिन तीन किसानों ने फसल बेचने के लिए टोकन कटवाया है। नेफेड द्वारा आढ़तियों को सरसों की फसल भरने के लिए बारदाना भी पहुंचा दिया गया है। बहादुरगढ़ में 1461 किसानों ने 5405 एकड़ सरसों की फसल का रजिस्ट्रेशन करवाया है। हालांकि किसानों की पूरी फसल अब तक वेरिफाई नहीं हुई है। राजस्व विभाग की तरफ से यह है वेरिफिकेशन पेंडिंग है। जिसके चलते किसानों को फसल बेचने में थोड़ी दिक्कत हो सकती है।

जी हां, बहादुरगढ़ में सरसों की फसल खरीदने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस बार यहां हैफेड ही केंद्र और राज्य सरकार के लिए सरसों की फसल की खरीद कर रहा है। पहले नेफेड के लिए सरसों की फसल खरीदी जाएगी और बाद में हैफेड की खरीद शुरू होगी। बहादुरगढ़ अनाज मंडी के आढ़ती सरसों की फसल की खरीद शुरू होने से बेहद खुश हैं।

उनका कहना है कि सरसों की फसल की खरीद शुरू होने से किसानों को काफी हद तक राहत मिलेगी। सरकार द्वारा तय मानकों के आधार पर ही खरीदी फसल जाएगी। सरसों की फसल का राजस्व विभाग ने पूरी तरह से वेरिफिकेशन नहीं किया है। यह वेरिफिकेशन अभी पेंडिंग है। जिसके कारण कुछ किसानों को फसल बेचने में परेशानी हो सकती है।



बहादुरगढ़। शहर की अनाज मंडी में सरसों साफ करके तोलते कर्मचारी।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी सरसों की ढेरियां। फोटो: हरिभूमि

### झज्जर में अनाज मंडी परिसर में निरंतर बढ़ रही सरसों की आवक, आज से खरीद होने की संभावना

**झज्जर।** अनाज मंडी परिसर में सरसों की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। लेकिन खरीद कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण किसानों और आढ़तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनाज मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान आढ़ती चांद पहलवान का कहना है कि सरसों की फसल खरीद नहीं होने से किसान और आढ़ती दोनों परेशान है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में जगह कम है और किसान गेहूं की फसल लाने के लिए भी फोन करने लगे है। ऐसे में जल्द सरसों की खरीद और खरीद के साथ-साथ उठान कार्य शुरू नहीं किया तो गेहूं की फसल रखने की जगह भी नहीं मिलेगी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले की अनाज मंडियों में अब तक 757 किसान 15 हजार 148 क्विंटल सरसों लेकर पहुंचे हैं। हालांकि बहादुरगढ़ मंडी में करीब 87 क्विंटल सरसों की खरीद हुई है। बाकी मंडियों में बुधवार से खरीद शुरू होने की संभावना जताई जा रही हैं।

### नई खरीद एजेंसी की आवश्यक कार्रवाई पूरी

अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि अनाजमंडी में पहुंची सरसों की खरीद का कार्य बुधवार से सुचारू रूप से चल पाएगा। सरकार द्वारा निर्धारित की गई नई खरीद एजेंसी स्वराज की आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की गई। अब पोर्टल पर संबंधित खरीद एजेंसी का नाम अपलोड कर दिया गया है। आढ़तियों द्वारा उम्मीद जताई जा रही है कि बुधवार से खरीद कार्य सुचारू हो जाएगा। आगामी समय में फसल लेकर अनाजमंडी पहुंचने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी का आभार व्यक्त करते संजीव सैनी।

# सीएम से मिलकर जताया आभार

- भाजपा लाभार्थी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजीव सैनी ने पंचकूला में मुलाकात की
- जनकल्याणकारी बजट के लिए सीएम को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भाजपा लाभार्थी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजीव सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से पंचकूला में मुलाकात कर बहादुरगढ़ के विकास व बजट पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जनकल्याणकारी बजट के लिए सीएम को बधाई दी।

संजीव सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए अनेक योजनाओं की शुरुआत की। उनका मुख्य उद्देश्य राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है।

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और रोजगार के क्षेत्र में अनेक सुधार किए हैं। उनकी कार्यशैली में निर्णय लेने की क्षमता, निष्पक्षता और कुशलता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

उन्होंने सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए कठोर कदम उठाए हैं, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच सके। वे हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।



बहादुरगढ़। डीसीपी दीपक सहारण को स्मृति चिह्न देते उद्योगपति।

### उद्यमियों ने डीसीपी के साथ बैठक में की चर्चा

**बहादुरगढ़।** शहर के फुटवियर पार्क में स्थित कलस्टर में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) दीपक सहारण ने शिरकत की। बीसीसीआई और एफडीई से जुड़े उद्यमियों ने उनका स्वागत किया और उद्योगों की सुरक्षा से जुड़े मसलों पर चर्चा की। बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इडंस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष जग्गा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास आनंद दहिया (सोनी), नरेंद्र छिकारा व पवन जैन आदि ने डीसीपी दीपक सहारण का स्वागत सत्कार किया। बैठक के दौरान, उद्योगों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं, यातायात व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर डीसीपी सहारण के साथ सार्थक संवाद हुआ। उन्होंने इन विषयों पर गहराई से विचार किया और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कंवर भान, पुनीत, रिंकू, विनोद जैन, सत्यनारायण दीक्षित, राजेश, नवीन, मनोज आदि मौजूद रहे और अपने महत्वपूर्ण विचार सांझा किए। उद्यमियों ने उम्मी जताई कि बैठक में उठाए गए मुद्दों पर ठोस कार्रवाई होगी। साथ ही भविष्य में भी ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा का क्रम जारी रहेगा।

## ठगी करने वाले दोस्त को 3 साल की सजा, 5 हजार जुर्माना

- प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आशिमा गर्ग की कोर्ट ने सुनाया फैसला

**बहादुरगढ़।** चार साल पहले मित्र की अमानत में ख्यानत करते हुए 44 लाख रुपए ठगने के मामले में अदालत ने आरोपी को 3 साल की कैद और 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आशिमा गर्ग की अदालत ने यह निर्णय 24 मार्च को सुनाया है। कृष्ण निवासी इस्माईला 2 जुलाई 2020 को घर सांपला से कार में सवार होकर दिल्ली के जनकपुरी से प्रदीप अग्रवाल जमीन बिक्री की पेमेंट लेने के लिए निकला था। बहादुरगढ़ बाईपास पर पहुंचा तो उसके दोस्त महेश निवासी न्यू पटेल पार्क का फोन आ गया। कृष्ण फिर महेश के घर चला गया। वहां से महेश भी साथ दिल्ली चला गया। उसने प्रदीप अग्रवाल से 44 लाख 42 हजार 500 की ली। रात अधिक होने के कारण उसने पेमेंट बहादुरगढ़ के सुभाष नगर में रहने वाले मामा के लड़के श्रीभगवान के घर सुरक्षित रख दी। उस रकम में से 12 हजार 500 निकालकर कृष्ण अपने मित्र महेश के साथ होटल में चला गया। सुबह महेश जल्दी उठा और कृष्ण की कार की चाबी लेकर नाश्ता लेने चला गया। वह कृष्ण का मोबाइल भी साथ ले गया। वह नहीं लौटा तो कृष्ण उसके घर गया। उसके भाई प्रवीन ने बताया कि महेश घर नहीं आया। फिर कृष्ण मामा के लड़के श्रीभगवान के घर पर गया तो पता चला कि महेश कुछ देर पहले गाड़ी लेकर आया था। उसने झूठ कहा कि कृष्ण रात वाली पेमेंट मंगवा रहा है। उसने फोन पर बात भी कराई । पुलिस ने आईपीसी की धारा 406 के तहत केस दर्ज किया था।

**खुलासा** चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर दिया वारदात को अंजाम

# 19 माह पहले हुई कहासुनी की रंजिश के कारण रेस्टोरेंट संचालक को मारी थी गोली, दो गिरफ्तार

- आरोपी प्रदीप पर कई अपराधिक मामले दर्ज, पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

करीब पांच दिन पूर्व शहर के छिकारा चौक के नजदीक रेस्टोरेंट संचालक को गोली मारने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रदीप निवासी गोयला कलां बादली और उधम सिंह निवासी खेड़ी होशदारपुर जिला झज्जर के तौर पर की गई है।

आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि

**क्या है मामला :** शहर थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव ने बताया कि संदीप निवासी सुभाष नगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 20 मार्च 2025 को वह अपनी दुकान को बढ़ाकर अपनी गाड़ी में अपने घर के लिए चला था जो थोड़ी ही आगे चलने पर एक बाइक पर दो लड़के सवार होकर छिक्कारा चौक की तरफ से आए और उन्होंने मुझे अपनी गाड़ी रोकने का इशारा किया। जब गाड़ी को रोका तो उन्होंने मुझसे पहले रेवाड़ी जाने का रास्ता पूछा और शीशा नीचे करने को कहा जब मैंने शीशा नीचे नहीं किया तो उन्होंने मेरे ऊपर गोली चला दी जो गोली मेरी दहनी बाजू में लगी। इसके बाद राहगीर द्वारा उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रदीप निवासी गोयला कलां बादली और उधम सिंह निवासी खेड़ी होशदारपुर जिला झज्जर के तौर पर की गई। इसमें आरोपी प्रदीप पर पहले भी हत्या, डकैती, लूटपाट, अवैध हथियार सहित अन्य आधा दर्जन से ज्यादा मामले कई थानों में दर्ज हैं।

### जांच में पता चला

प्राथमिक जांच में सामने आया कि उधम सिंह की करीब 19 महीने पहले पीड़ित संदीप के साथ किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई थी। इसी कहासुनी की रंजिश को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। वारदात के समय चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग किया गया है जो मोटरसाइकिल एक दिन पहले रईया गांव के शराब के ठेके से चोरी की थी। वारदात के समय मोटरसाइकिल को उधम सिंह चल रहा था और पीछे प्रदीप बैठा हुआ था। उन्होंने बताया कि यह योजना इन्होंने एक दिन पहले बनाई थी। दोनों आरोपियों की दोस्ती करीब दो वर्ष पहले हुई थी। वारदात के समय पीड़ित संदीप को प्रदीप ने ही गोली मारी थी।

आसौदा गांव और केएमपी एक्सप्रेस वे के निकट संतुलन बिगड़ने हुआ हादसा

# बहादुरगढ़ के एसडीएम ने मीटिंग छोड़ घायल को अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आसौदा गांव और केएमपी एक्सप्रेस-वे के निकट संतुलन बिगड़ने से एक बाइक सवार घायल हो गया। यहां से गुजर रहे बहादुरगढ़ के एसडीएम नसीब कुमार की घायल पर नजर पड़ी तो उन्होंने उसे संभाला और अपनी गाड़ी से नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। हर कोई एसडीएम के इस कार्य की प्रशंसा कर रहा है।

फिलहाल घायल का उपचार जारी है। बता दें कि एसडीएम नसीब कुमार झज्जर मीटिंग में जा रहे थे, मगर उन्होंने एम्बुलैंस या फिर किसी अन्य वाहन में घायल को अस्पताल में पहुंचाने की बजाय अपनी गाड़ी से बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। घायल की पहचान दहकौरा निवासी नरेश कुमार के रूप में हुई। नरेश दिल्ली में नौकरी करता है। मंगलवार को वह बाइक से ड्यूटी पर जाने के लिए चला था। जैसे ही वह आसौदा केएमपी के पास पहुंचा तो अचानक उसकी बाइक पर संतुलन बिगड़ गया।

इससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दुर्घटना में नरेश घायल हो गया। इसी बीच यहां से गुजर रहे बहादुरगढ़ के एसडीएम नसीब कुमार की नजर उस पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत गाड़ी को रूकवाया और घायल को संभाला। अपने सुरक्षा कर्मी और ड्राईवर की मदद से गाड़ी में बैठाया और बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। घायल को दाखिल करवाने के बाद एसडीएम नसीब कुमार अस्पताल में ही रहे। घायल को उपचार मिलने व हालचाल जानने के बाद यहां से रवाना हुए।



बहादुरगढ़। अस्पताल में उपचाराधीन दहकौरा निवासी नरेश कुमार।

### मदद जरूर करें: नसीब


एसडीएम नसीब कुमार के अनुसार कई बार लोग सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने से कतराते हैं। जिस कारण घायल को सही समय पर उपचार नहीं मिल पता। लोग सोचते हैं कि पुलिस उन्हें परेशान करेगी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। हमें घायल की मदद जरूरी करनी चाहिए। उस मदद से किसी की जिदंगी बच सकती है।



# 'फुले' में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

**नई दिल्ली।** हाल ही में फिल्म 'फुले'का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

लाइफ Style



# रश्मिका

## मील का पत्थर साबित होगी 'सिकंदर'

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 द रूल' शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म 'सिकंदर' में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

हॉलीवुड मसाला




# 'द डोनट ब्रदर्स' पुकारती हैं मालती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को 'गो' कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, 'मेरी बेटी एक जागरूक है।



# पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई 'नो अदर लैंड'

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। 'नो अदर लैंड' का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में 'रंगभेद की स्थिति' की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। 'नो अदर लैंड' में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



# 'छोरी-2' में नजर आया खौफनाक मंजर...

**मुंबई।** साल 2021 में फिल्म 'छोरी'ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी 'छोरी 2' भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। 'छोरी 2' के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म 'छोरी 2' के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ'। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।




# 'रेड-2' से आया रितेश का पहला लुक...

**मुंबई।** मंगलवार को फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई'। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, 'रेड 2' आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

टीवी मसाला



# अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल के लिए फिल्म 'एनिमल' से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज 'आश्रम' ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, 'हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।' उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह 'जपनाम' कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, 'एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम' ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी 'जपनाम' कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

## अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त



कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

# मंच पर फफक कर रो पड़ीं

*मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों*



*के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें 'लंदन ठुमकदा', 'कर गई चुल', 'काला चश्मा', और 'आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।*

# इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

**रेड 2** : 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म 'रेड'1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब 'रेड' के लगभग 7 साल बाद मेकर्स 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। 'रेड 2' 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

**हाउसफुल 5** : साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी 'हाउसफुल 5' इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो



चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।

**वॉर 2** : यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी 'वॉर 2' इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर 'वॉर' की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**दे दे प्यार दे 2** : अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे'साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग 'दे दे प्यार दे 2' इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

# गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

*आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थी। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।*

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।



### डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म 'सनम बेवफा' और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

### ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

**खबर संक्षेप**



झज्जर। जरुरतमंद बच्चों में वस्त्र वितरित करते हुए समिति सदस्य।

## जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र वितरण किया

**झज्जर।** आम जन विकास सेवा समिति द्वारा गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए झाड़ली क्षेत्र में रहने वाले जरुरतमंद बच्चों में वस्त्र वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद लोगों के लिए टी शर्ट, जूते-चप्पल आदि के वितरण का कार्य किया जाता है। समिति संरक्षक मुकेश कुमार गर्ग व सदस्य दिनेश मित्तल ने कहा कि जरुरतमंद लोगों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है। किसी भूखे का पेट भरना और प्यासे को पानी पिलाना अति उत्तम कार्य होते है। उन्होंने अन्य लोगों से भी जरुरतमंदों की मदद का आह्वान किया।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो :हरिभूमि

## नशा मुक्त करने को लेकर अहम निर्णय लिए

**झज्जर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा बैठक में जिले को पूरी तरह से नशा मुक्त करने को लेकर अहम निर्णय लिए गए। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि जिले में एडीसी की अध्यक्षता में एनकोर्ड की सब कमेटी का गठन किया जाएगा जो विशेष तौर पर नशा मुक्ति के अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करेगी। कमेटी में सीटीएम, सीएमओ, एसीपी, डीआईपीआरओ,पीओ, डीआईसी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी सदस्य रहेंगे। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि उपमंडल में सघन जागरूकता गतिविधियों को तेज करें और ग्राम पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का दायित्व बनता है कि समाज की मुख्यधारा से भटक कर नशा के एडिक्ट हुए युवाओं को फिर से समाज की मुख्य धारा में शामिल करें। इसके लिए सभी विभागों को मिशन मोड में कार्य करना होगा।

### स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# हिन्दी व संस्कृत विभाग की स्पर्धा में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा सोनिया रही प्रथम

- प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रताप फलसवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग और निर्वाचन साक्षरता क्लब और हिंदी एवं संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वावधान में अलग-अलग स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं का आयोजन राजनीति विज्ञान प्राध्यापक अशोक कुमार और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर प्रताप फलसवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। राजनीति विज्ञान विभाग और निर्वाचन साक्षरता क्लब की प्रतियोगिता के विषय फेक न्यूज और चुनावी जागरुकता, मताधिकार का महत्व और सशक्त युवा-सशक्त लोकतंत्र रहे। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने पहला, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तनु ने दूसरा और बीए तृतीय वर्ष के छात्र विनय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हिंदी एवं संस्कृत विभाग की प्रतियोगिता में एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा सोनिया ने पहला, बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने दूसरा तथा एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा ईशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं का निर्णय डॉक्टर जगबीर सिंह, डॉक्टर कुलदीप, शिव शंकर और डॉक्टर सुरजीत सिंह ने किया।



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर दिखाते हुए प्रतिभागी।



झज्जर। होनहार छात्रा को पुरस्कृत करते हुए स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य।

### नेटबॉल चैंपियनशिप में छात्रा का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल की छात्रा लवी ने स्टेट लेवल नेटबॉल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि भिवानी जिले के कलिंगा स्थित श्रीबालाजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप में उनके स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा लवी ने शानदार प्रदर्शन किया है। लवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच व अभिभावकों के सहयोग को दिया। होनहार छात्रा को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवन में अपनाएं। खेल अनुशासन निर्माण में सहायक होते हैं।

## हनुमान की भक्ति करने वाले पर रहती है श्रीराम जी की कृपा



झज्जर। हनुमान चालीसा पाठ के दौरान मौजूद श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

- जो व्यक्ति नियमित श्री हनुमान चालीस पाठ करता है उसकी कभी विपत्तियां नहीं आती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को कोसली रोड स्थित आनंददास आश्रम में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत अजय दास की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया। अजय दास महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि बजरंगबली की भक्ति करने वाले सेवक पर श्रीराम चंद्र जी की कृपा भी रहती है। जो व्यक्ति नियमित श्री हनुमान चालीस पाठ करता है उसकी कभी विपत्तियां नहीं आती। श्रद्धालुओं द्वारा भजनों के माध्यम से भी हनुमान जी व श्रीराम की महिमा का गुणगान किया गया। इस मौके पर अमित, रजनीश, कालू, अश्विनी, विक्की, चिंटू सक्सेना, हिमांशु सोलंकी, योगेश,समुंद्र, अंकित, रोशनी देवी, मीनाक्षी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## जिले के तीन मुक्केबाज भारतीय टीम में चयनित



झज्जर। भारतीय टीम में चयनित होनहार मुक्केबाज। फोटो :हरिभूमि

- तीनों मुक्केबाजों की सफलता ने जिले को खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले के तीन मुक्केबाजों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। मुक्केबाजी कोच हितेश देशवाल ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में हिमांशु गुलिया, अभी धनखड़ व हेमंत सांगवान शामिल हैं। अब तीनों खिलाड़ियों को आयरलैंड में 10 दिवसीय ट्रेनिंग टूर के लिए चुना गया है, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखारेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करेंगे। हिमांशु गुलिया, अभी धनखड़ और हेमंत सांगवान ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष किया है। वे लगातार कड़ी ट्रेनिंग और मेहनत के बल पर अपने खेल को निखार रहे हैं। आयरलैंड में होने वाला ट्रेनिंग टूर इन मुक्केबाजों के लिए एक सुनहरा अवसर है। यहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास करने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी तकनीक और रणनीति में सुधार होगा। यह ट्रेनिंग न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए बल्कि हरियाणवी मुक्केबाजी के लिए भी लाभदायक साबित होगी। उन्होंने बताया कि इन तीनों मुक्केबाजों की सफलता ने जिले को खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दी है। इससे अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### उधमिता जागरुकता कार्यक्रम में दी विभिन्न प्रशिक्षणों की जानकारी

**झज्जर।** मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा क्षेत्र के गांव सासरौली में उधमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित ग्रामीणों ने भागीदारी की। संस्थान निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत आरसेटी द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि महिलाओं के उत्थान के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। जब महिलाएं अपनी पूरी क्षमता को पहचानती हैं और उसे साकार करती हैं, तो यह न केवल उनके जीवन को सुधारता है, बल्कि पूरे समाज को भी लाभ पहुंचाता है। आज के दौर में अकेले पुरुष की कमाई से घर चलाना मुश्किल है, इसलिए महिलाओ को भी आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 60 तरह के अलग-अलग प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। ये सभी प्रशिक्षण निःशुल्क हैं। इसके साथ ही स्वरोजगार के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ऋण उपलब्ध कराने में भी प्रशिक्षण पूरा कर चुके युवाओं का सहयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि पुरानी तहसील परिसर स्थित संस्थान में जल्द ही डेयरी फार्मिंग और वर्मी कंपोस्ट का प्रशिक्षण भी शुरू किया जाएगा।



झज्जर। उधमिता जागरुकता कार्यक्रम में निदेशक उमेश भूकर के साथ मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## जागरुकता रैली से की एनएसएस शिविर की शुरूआत




झज्जर। शिविर के दौरान मौजूद शिक्षक एवं स्वयंसेविकाएं।

- जल बचाओ-पर्यावरण बचाओ आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरुक किया

**झज्जर।** मंगलवार को इंदिरा प्रियदर्शिनी महिला महाविद्यालय द्वारा कोट-सिकंदरपुर गांव की चौपाल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर सुदेश ने बताया कि शिविर के शुभारंभ पर जहां ग्रामवासियों को स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना बारे विस्तृत जानकारी दी गई वहीं स्वयंसेविकाओं द्वारा बाल विवाह, नशा मुक्ति व जल सरंक्षण विषय को लेकर एक जागरुकता रैली भी निकाली। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने बाल विवाह अपराध है, नशे से दूर रहें, जल बचाओ-पर्यावरण बचाओ आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरुक किया।

# जन जागृति यात्रा का किया स्वागत

**झज्जर।** संविधान में मिले अधिकारों को लागू करवाने के उद्देश्य से बीती 15 जनवरी से शुरू हुई जन जागृति यात्रा मंगलवार को बेरी विधानसभा के गांव खरहर, महराणा, दुजाना व बरहाना में पहुंची। यात्रा के बेरी विधानसभा में पहुंचने पर सुरेंद्र मलिक महराणा की अध्यक्षता में सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। यात्रा के नेतृत्व कर रहे अजय भंभेवा ने बताया कि इस दौरान ग्रामवासियों ने जन जागृति यात्रा के समापन पर आगामी 6 अप्रैल को गोहाना में होने वाले प्रदेश स्तरीय प्रोग्राम में गाजे बाजे के साथ पहुंचने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मनोज कटारिया खरहर, श्रीभगवान दहिया, रामचंद्र दुजाना, रामकिशन, अमित तंवर, अशोक, भोला, विजय खटक, नरेश दुबे, जयपाल, तकदीर, जितेंद्र कटारिया, भूप सिंह, कृष्ण, मनीष चाहलिया, रितिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। जन जागृति यात्रा कार्यक्रम में मौजूद ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता।

# सीटीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं




झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक।

- संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में बिजली, पानी, सड़क, आधार कार्ड और पेंशन आदि से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रही। सीटीएम ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि हर नागरिक की समस्या का समाधान तुरंत किया जाए और आमजन को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

### जिला पार्षद संजय दलाल को पितृशोक

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद संजय दलाल के पिता सूबे सिंह दलाल का सोमवार शाम को करीब 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पैतृक गांव मांडोठी में मंगलवार सुबह उनकी अंत्येष्टि की गई। वे अपने पीछे तीन पुत्र, एक पुत्री और चार पौत्रों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। स्पोर्ट्स अनाउंसर देवेंद्र दलाल ने बताया कि उनके पिता सूबे सिंह जिले के जाने-माने किसान थे। उनकी अंतिम यात्रा में जिला परिषद के प्रधान कप्तान बिरधाना, पूर्व प्रधान सतीश छिकारा, सतपाल पहलवान, पूर्व अध्यक्ष कर्मवीर राठी, राजवीर परनाला, धर्मवीर फौजी, भीम सिंह प्रणामी, जिला पार्षद राजीव दलाल, पूर्व पार्षद प्रवीण राठी, राजू, युवराज, गजानंद, पार्षद संदीप अहलावत, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक, राजपाल, मुकेश कौशिक, गुलाब सैकड़ो लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आगामी एनएसएस सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों के संबंध में चर्चा की

- सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन संस्थान की एनएसएस इकाई द्वारा मंगलवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत की गई। पहले दिन पंजीकरण प्रक्रिया, टी-शर्ट वितरण, कार्य आवंटन और आगामी एनएसएस सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल ने स्वयंसेवियों को शिविर में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सविता यादव, नववहार यादव, दीपक सैनी, एनएसएस सलाहकार समिति सदस्य डॉक्टर रीना तक्षक सहित अन्य भी मौजूद रहे।




झज्जर। एनएसएस शिविर में स्वयंसेवियों में टी-शर्ट वितरण करते हुए शिक्षक।

### 1857 की क्रांति थीम पर तैयार करें प्रतीक चिन्ह

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि आजादी की पहली लड़ाई 1857 के वीर शहीदों की याद में अंबाला कैंट स्थित आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा ऐतिहासिक स्मारक के लिए प्रतीक चिन्ह डिजाइन तैयार करने के लिए कलाकारों, डिजाइनरों व्यक्तियों से प्रविष्टियां मांगी गई हैं। जिसकी अंतिम तिथि एक अप्रैल है।

**सूचना**

मै धर्मबीर पुत्र श्री बनारसी पुत्र उमर सिंह निवासी गांव चांदौल तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र यश उर्फ याशु मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन देन और व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़।**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार (पुत्र) संजय कुमार (पुत्र), मीना (पुत्री), नरेन्द्र कुमार (पुत्र) लेट श्री खेमचंद निवासी मजीद मौहल्ला नजदीक मेन बाजार, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3B6JW2L0 वार्ड नं० 24/911, कॉलोनी माजीद मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में वर्ग गज 75 से 90 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0185491071 द्वारा अप्लाई किया है।

अत आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नः 3B6JW2L0 वार्ड नं० 24/911 कॉलोनी मजीद मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति 3B6JW2L0 वर्ग गज प्रार्थी अशोक कुमार (पुत्र) संजय कुमार (पुत्र) /पति/पत्नी मीना (पुत्री) नरेन्द्र कुमार(पुत्र) लेट श्री खेमचंद के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जायेगी। जिसमे नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगरपरिषद बहादुरगढ़।

### श्रीगोपाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे श्रद्धालु

# श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया शिव के विवाह का वृतांत

- भजन से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया
- आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिसके जीवन में सरलता व भोलापन उतरता है वही भोलेनाथ का सच्चा भक्त होता है। यह बात कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज ने चौधरियान मोहल्ला स्थित श्रीगोपाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। कथा वाचक ने भगवान शिव व पार्वती विवाह की कथा सुनाई। कथा के दौरान सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में, मतवाले दूल्हे में,अरे देखो भोले बाबा की अजब है बात, चले है संग ले कर भूतों की बारात.. सज रहे भोले बाबा..भूतों की ले कर टोली चले है ससुराल..दिगंबर हो बैल पे सवार...भजन से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा व्यास ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। उन्होंने कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया।

उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। आरती के बाद प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया।



झज्जर। श्री गोपाल मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते हुए महिलाएं।

### सीएससी केंद्रों के बाहर रेट लिस्ट लगवाना अनिवार्य

**बेरी।** पात्र लाभार्थियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के उद्देश्य से एसडीएम रेणुका नांदल ने उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सीएससी केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए हैं।



अंत्योदय सरल केंद्र से भी अभ्यार्थी विवाह पंजीकरण सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैरिज रजिस्ट्रेशन से जुड़ी फाइल ऑनलाईन स्वीकार की जाएं, ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक घायल

झज्जर। गांव हसनपुर के एक निजी स्कूल में कार्यरत अंग्रेजी टीचर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के अमृतसर जिला निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह हसनपुर के निजी स्कूल में फुटबॉल कोच के रूप में कार्यरत है। उसका साथी मणिपुर निवासी अशोक रिजाल भी बतौर अंग्रेजी टीचर यहां सेवाएं दे रहा है। बीती 23 मार्च की शाम करीब छह बजे जब अशोक रिजाल पास की दुकान पर सामान लेने जा रहा था तो उसे किसी अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी। इस घटना में अशोक रिजाल के सिर में गहरी चोट आई। नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रोहतक के पीजीआई रेफर कर दिया।

### स्कूटर चोरी की एफआईआर दर्ज

बहादुरगढ़। पिछले महीने चोरी हुए एक स्कूटर की एफआईआर दर्ज हुई है। जानकारी के अनुसार रोहतक निवासी आशीष कुमार 11 फरवरी को अपने होंडा स्कूटर पर बहादुरगढ़ आया था। लेकिन ओमेक्स सिटी से यह स्कूटर चोरी हो गया। ऑनलाइन शिकायत के आधार पर पुलिस ने अब चोरी का अभियोग दर्ज किया है।

### 28 को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे किसान

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर झज्जर समेत पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर 28 मार्च को विरोध प्रदर्शन होंगे। जयकरण मांडौठी और अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि 19 मार्च को भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के निर्देश पर पुलिस ने जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवण सिंह पंधेर सहित 350 किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था।

### 9 दिनों से हड़ताल जारी, कूड़े के ढेर से बीमारियां फैलने की थी आशंका

# देर शाम खत्म हुई हड़ताल, रात तक पूरा वेतन मिलने की उम्मीद

बुधवार सुबह गली-चौराहों से लेकर चहुंओर लगा कचरे का अंबार साफ होने की प्रबल संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। हड़ताल के कारण शहर के झज्जर रोड पर लगे गंदगी के ढेर। फोटो : हरिभूमि

गत 9 दिनों से जारी हड़ताल के कारण शहर धीरे-धीरे कूड़े का ढेर बनता जा रहा था, लेकिन मंगलवार शाम को अधिकारी आंदोलनरत कर्मचारियों को मनाने में सफल रहे। ठेकेदार की तरफ से रात 8 बजे तक पूरा वेतन सफाईकर्मियों के खाते में आने का आश्वासन दिया गया। ऐसे में बुधवार सुबह गली-चौराहों से लेकर चहुंओर लगा कचरे का अंबार साफ होने की प्रबल संभावना है।

बता दें कि पिछले 9 दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हड़ताल के कारण शहर की गली चौराहों से लेकर पॉश इलाकों तक में सैकड़ों टन कचरा सड़कों पर बिखरा पड़ा है। जिससे शहरवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल, मंगलवार शाम को हड़ताल के 9वें दिन शाम तक सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच सहमति बन पाई।

मामला सीएम दरबार तक पहुंच गया था। जिसका हल 9 दिन बाद निकला है, लेकिन इस दौरान शहरवासी व्यवस्था के बीच पिसते रहे। इंटरनेट मीडिया पर भी हड़ताल को लेकर नगर सरकार व प्रशासन पर टिप्पणी की जा रही थी।

चार महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण सफाई कर्मचारी चौथी बार 17 मार्च को हड़ताल पर चले गए थे। जिस कारण बहादुरगढ़ डस्टबिन बन गया है। चहुंओर गंदगी के अंबार लगे हैं। गंदगी से उठ रही बदबू से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। सफाईकर्मियों का स्पष्ट रुख था कि वेतन मिलने तक हड़ताल जारी रहेगी। मंगलवार शाम को ठेकेदार व अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शाम 8 बजे तक उनके अकाउंट में पूरा वेतन पहुंच जाएगा। इसके बाद सफाईकर्मचारी हड़ताल खत्म करने पर रजामंद हो गए। उम्मीद है कि बुधवार सुबह से आम आदमी के हिस्से में आई परेशानियां और मुसीबतें कम होनी शुरू हो जाएंगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

- मायका पक्ष ने ससुराल पक्ष के चार लोगों पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप, एक वर्षीया पुत्री की मां थी मृतका किरण

हरिभूमि न्यूज. झज्जर


झज्जर। मृतका किरण का फाइल फोटो।

गांव माछरौली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान करीब 27 वर्षीया किरण पत्नी बिजेंद्र के तौर पर हुई है। मृतका एक वर्षीया बेटी की मां थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत के आधार पर ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### दहेज के लिए किया जा रहा था प्रताड़ित

पुलिस को दी शिकायत में मृतका के भाई मुनीमपुर निवासी तस्वीर पुत्र वीरभान बताया कि उसकी बहन किरण की शादी 22 फरवरी 2023 को माछरौली गांव के बिजेंद्र पुत्र नफे सिंह से हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने कई बार झगड़ा शांत करने के लिए अपनी बहन के घर पैसे भी भिजवाए थे। बीती 14 फरवरी 2024 को जब उसकी बहन ने एक लड़की को जन्म दिया जिसके बाद उसकी बहन की सास, पति व जेठ खुश नहीं थे। बाद में 24 मार्च की शाम उन्हें अपनी बहन की मौत की सूचना मिली। पुलिस ने तस्वीर की शिकायत पर मृतका के पति, सास, जेठ व पति के चचेरे भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



बहादुरगढ़। रैली को रवाना करते देवेंद्र चहल व डॉ. आशा शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## रैली निकाल रक्तदान के लिए किया जागरूक

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में संवेदना-2 के तहत मंगलवार को लाइनपार क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव देवेंद्र चहल व कॉलेज प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने लाइनपार इलाके की गलियों में लोगों को रक्तदान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हम रक्तदान से कई जिंदगियों को बचा सकते हैं। रक्तदाता को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता हैं। देवेंद्र चहल ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने के लिए हमारे रक्त में हिमोग्लोबिन का प्रतिशत 12 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने भी रक्तदान के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि हमें सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## सड़क सुरक्षा का पालन करने का आह्वान

- चौ. चीरपाल राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप में किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बादली के चौ. चीरपाल राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के छठे दिन मंगलवार को सभी स्वयंसेवकों व अध्यापकों ने मिलकर योगाभ्यास किया। तत्पश्चात जिले के सड़क सुरक्षा के इचार्ज सतीश कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

एनएसएस इचार्ज रेनू दहिया और संदीप मोहन मंगलवार को स्वयंसेवकों के साथ बादली ईंट भट्टा पर पहुंचे और वहां जरूरतमंदों को वस्त्र दान किए।

स्वयंसेवकों ने मिलकर महाविद्यालय में सफाई की। इससे पहले इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में बताया।


बहादुरगढ़। इंस्पेक्टर सतीश कुमार को स्मृति चिह्न देती रेनू दहिया। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा ना करें, अंडर एज ड्राइविंग न करने दे, रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें, लेन ड्राइविंग करने, पैदल यात्री जेब्रा लाइन का इस्तेमाल करके ही रोड क्रॉस करें। उनके अनुसार यदि सभी लोग मिलकर, एकजुट होकर, प्रण करके यातायात नियमों की पालना करेंगे और अपना पूर्ण सहयोग करेंगे तो सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने में हम कामयाब हो सकेंगे। सत्येंद्र दहिया ने कहा कि सभी वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझे और सड़क सुरक्षा मुहिम में पुलिस का सहयोग करें।

## जहरीला पदार्थ निगलने से किसान की मौत

झज्जर। गांव खातीवास में एक किसान की जहरीला पदार्थ निगलने के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 61 वर्षीय अशोक पुत्र रणधीर के तौर पर हुई है। अशोक खेतीबाड़ी का काम करता था। मामले के जांच अधिकारी सुखपाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि खातीवास गांव में अशोक नामक एक किसान की जहरीला पदार्थ निगलने के कारण मौत हुई है। इसके बाद उन्होंने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में बने शवगृह भिजवाया। मृतक अशोक शुगर से पीड़ित था। मंगलवार को उसने दवा के धोखे में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जब अशोक की तबीयत बिगड़ी और परिजनों को पता चला तो वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के पुत्र अमित के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## एलुमनाई मीट में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट कबलाना में एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमन अग्रवाल, आयोजक समिति के सदस्य शंकर कुमार विजय एवं एलुमनाई मीट के कोर्डिनेटर सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष शामिल हुए। विद्यार्थियों ने गीतम प्रश्नोत्तरी, बैलून मैसेज, धुन पहचानना, सोलो डांस, सिंगिंग आदि विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके उपरांत एलुमनाई स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट विभाग के एलुमनी स्टूडेंट्स रत्नेश, आशीष मुद्‌गिल, मोहित भाटिया, शांतनु ने कॉलेज के चार साल के अपने अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमन अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में जीवनधारा एलुमनाई एसोसिएशन का हिस्सा बने रहने के लिए प्रेरित किया।

# वैश्य कॉलेज में 62 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मंगलवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। छात्राओं, प्राध्यापकों, पूर्व छात्राओं, अभिभावकों व अन्य लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ शिविर में स्वास्थ्य जांच करवा कर रक्तदान किया। कैंप प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने बताया कि शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

दरअसल, यूथ रैडक्रॉस व रैड रिबन सेल यूनिट ने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से कैंप लगाया। इसमें रोहतक के सन फ्लैग ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संचय किया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव देवेंद्र चहल ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए नियमित अंतराल में रक्तदान की प्रेरणा दी। रक्तदान से जरूरतमंद की सहायता होती और रक्तदाता की सेहत में भी सुधार आता है। इसीलिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि आपात स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। ताकि जरूरतमंद इंसानों की जान बचाई जा सके।



बहादुरगढ़। कैंप में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

यही मानवता के लिए परमार्थ व सेवा का सर्वोत्तम कार्य है। जिला रैडक्रॉस सोसाइटी की ओर से रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज उपप्रधान प्रेमचंद बंसल व एमसी जोशी ने भी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रैडक्रॉस काउंसलर डॉ. दीपिका यादव ने सबका धन्यवाद किया। आयोजन में प्राध्यापिका प्रीति, वर्षा, प्रिया, नैना फोगाट, शीतल व सीमा आदि ने सहयोग किया।

# हिसार की टीम ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता

- मेहंदीपुर डाबौदा में हुई राज्य स्तरीय महिला चैंपियनशिप में पुलिस आयुक्त ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन की ओर से गांव मेहंदीपुर डाबौदा में आयोजित महिलाओं की चार दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर फुटबाल चैंपियनशिप में हिसार ने भिवानी को 2-0 से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में हिसार ने गुरुग्राम को 4-0 तथा भिवानी ने रोहतक को 3-0 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया था। प्रतियोगिता की बेस्ट खिलाडी का अवार्ड हिसार की नेहा को दिया गया।


बहादुरगढ़। विजेता फुटबॉल खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते पुलिस आयुक्त व अन्य।

खिलाड़ियों को इनाम देने के लिए हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सूरजपाल अम्मू, पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल, पुलिस कमिशनर बी. सतीश बालन, पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा, एसीपी दिनेश कुमार, डॉ. प्रणव कुमार आदि फाइनल के दौरान मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर बी सतीश बालन ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी महिला खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रतियोगिता में विजेता रही हिसार की टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नशे व अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने झज्जर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा व अपराध मुक्त अभियान से जुड़ने की अपील की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में अभिभावक भी अपने काम के साथ बच्चों पर ध्यान दें।

उनके साथ समय बिताएं और उनका मार्गदर्शन करें। उन्हें नशे और अपराध के दुष्प्रभाव के बारे में समझाएं। इस मौके पर ओम तंवर, मंदीप तंवर, अशोक गुलिया, संदीप हिसार, सोभा जींद, जसबीर कुंडू, सरपंच प्रदीप दलाल, संदीप सरपंच व प्रदीप कोच आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. जयमाला को स्मृति चिह्न देते आयोजक।

## स्कूल हेल्थ ब्रांड एंबेसडरों को दी मोबाइल एप ट्रेनिंग

बहादुरगढ़। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के तहत स्कूल हेल्थ एंबेसडरों की जिला मोबाइल एप ट्रेनिंग का आयोजन बहादुगढ़ के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ। बीईओ मुन्नी देवी की अध्यक्षता में यह ट्रेनिंग हुई। सिविल सर्जन डॉ जयमाला ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए उपस्थित हेल्थ एंबेस्डरों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों से लेकर युवाओं को जागरूक करना है। सकारात्मक रवैया बनाए रखने के लिए माता पिता एवं अध्यापक को भी जागरूक करने के लिए आगे आना होगा। किशोर अवस्था में आने वाले बदलाव में सकारात्मकता बनाए रखना जरूरी है। नोडल अधिकारी उप सिविल सर्जन डॉ मनोज कुमार सैनी व जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम पंक्ति में शिक्षा विभाग के बहादुरगढ़ ब्लॉक के हेल्थ एंबेसडरों की ट्रेनिंग करवाई गई। ट्रेनर के रूप में डॉ. मनोज कुमार व डॉ. सूर्या ने किशोरावस्था को स्वस्थ रखने के लिए मोबाइल एप ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य मंजू देवी, एनसीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. मनीष सैनी, अर्बन कंसल्टेंट डॉ. गगन जैन आदि मौजूद रहे।

## थाना शहर में लगा हेल्थ चेकअप कैंप

बहादुरगढ़। थाना शहर में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी टीम के साथ थाने में पहुंचकर पुलिस कर्मचारी का निशुल्क स्वास्थ्य जांचा। उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की। कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर के साथ अन्य जांच की गई। इस दौरान 47 पुलिस कर्मचारियों का हेल्थ चेक किया गया। साथ ही रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर द्वारा उन्हें परामर्श और दवाइयां दी गई। डॉ गगन जैन ने कहा कि समय-समय पर हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। इस दौरान सिटी एसएचओ हरेश कुमार, आसौदा थाना प्रबंधक सदानंद, यातायात थाना प्रबंधक विकास कुमार, सड़क सुरक्षा सैल प्रभारी सतीश कुमार, एसआई सत्यप्रकाश आदि ने चेकअप के लिए आई डॉक्टरों की टीम का आभार जताया।


बहादुरगढ़। ट्रैफिक एसएचओ का स्वास्थ्य जांचते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# छारा कॉलेज में विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक एनएसएस कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवकों को सरकार की कल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया गया। संसाधन संरक्षण के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर भी छात्रों को जागरुक किया गया।

कार्यकारी प्रचार्या डॉ. अनीता दलाल के दिशानिर्देशन में आयोजित एनएसएस कैंप के दौरान मंगलवार को दुजाना के राजकीय महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीता छिकारा सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाएं समाज में असमानता को कम करने का प्रयास करती हैं। लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलने पर वे बेहतर काम कर पाते हैं और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी सुविधाओं से लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठता है। भूगोल के प्राध्यापक डॉ अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि संसाधन संरक्षण एक आवश्यक कदम है। यह हमारे वर्तमान को बेहतर बनाता है और भविष्य को भी सुरक्षित करता है। इसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर जागरूकता और प्रयास करने की जरूरत है। हमें पुनर्चक्रण, कम बर्बादी और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर ध्यान देना होगा। असिस्टेंट प्रोफेसर गीतांजलि ने सड़क सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क पर सफर के दौरान लापरवाही खतरनाक सिद्ध हो सकती है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। इस दौरान डॉ. संजय देसवाल, डॉ. जयंत, मोहित, मोनिका, ज्योति, डॉ. ललिता व लोकेश आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में लेक्चर सुनती छारा कॉलेज के स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि